मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ।

टावर–2, पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ ।

परिपत्र संख्याः डीजी– 12/2021 दिनांकः मार्च 15, 2021

सेवा में,

समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ।
पुलिस आयुक्त, लखनऊ नगर/गौतमबुद्धनगर ।
समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, उ0प्र0 ।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद, उ0प्र0 ।

सीयूजी मोबाइल फोन्स को सदैव स्विच ऑन मोड पर रखे जाने एवं प्राप्त होने वाली सभी कॉल्स का प्रतिउत्तर देने विषयक परिपत्र संख्याः डीजी–15/2020 दिनांक 04.05.2020 का अवलोकन करें । इसके द्वारा निम्न निर्देश दिये गये हैं :–

(1) सीयूजी मोबाइल किसी भी दशा में स्विच–ऑफ न किया जाये । यह सदैव स्विच–ऑन मोड पर रहे ।
(2) सीयूजी मोबाइल पर आने वाली प्रत्येक कॉल अवश्यमेव रिसीव की जाये ।
(3) किन्ही अपरिहार्य कारणोंवश सीयूजी पर आने वाली कॉल्सतत्काल रिसीव न किये जाने की स्थिति में अवसर प्राप्त होते ही कॉल बैक कर वार्ता अवश्य की जाये ।
(4) अपने अधीनस्थ राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों से भी इन निर्देशों का शुद्ध अन्तःकरण से अनुपालन सुनिश्चित करायें ।

2. उपरोक्त सम्बन्ध में इस मुख्यालय द्वारा कई बार निर्देशित किये जाने के बावजूद इस प्रकार कें दृष्टान्त सामने आये हैं कि कई वरिष्ठ पुलिस अधिकरियों द्वारा अपने सीयूजी फोन्स पर आने वाली कॉल्स को रिसीव नहीं किया जाता है, जो अत्यन्त आपत्तिजनक है ।

3. आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाये तथा अधीनस्थ अधिकारियों से भी इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये । इन निर्देशों के अनुपालन में शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी ।

4. मैं यह भी अपेक्षा करूंगा कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बनाये रखने एवं जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने हेतु पुलिस, पीड़ितों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करे। इसके लिये आप स्वयं भी प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से पुलिस कार्यालय में उपस्थित रहें एवं जनता की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु अपेक्षित कार्यवाही करें ।

15/3/21

(एच0सी0 अवस्थी)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश ।

Scanned by CamScanner